# जातीय समानता के प्रोत्साहन के लिलए मौजूदा और नियोजिजत उपाय

## सुरक्षा ब्यूरो

सुरक्षा ब्यूरो (SB) सुरक्षा संबंधी नीतियों के लिए जिम्मेदार है, जिसमें कानून और व्यवस्था संरक्षण, प्रवासी और शुल्क नियंत्रण का प्रयोग, अपराधियों का पुनर्वास, आपातकालीन आग और बचाव सेवाएं, और नशीली दवाओं के विरुद्ध कार्य।

SB के अधीन 10 सलाहकारी और संवैधानिनक संस्थाएँ, पायलट स्कीम कार्यालय और नुमाइश केंद्र विभिन्न पब्लिक सेवाएँ प्रदान करते हैं, जिनमें निम्न शामिल हैः-

1. पसर्नज़ ट्रिब्यूनल का पंजीकरण
2. इमीग्रेशन ट्रिब्यूनल
3. HKSAR पासपोर्ट्स अपील बोर्ड
4. सिविल सेलीब्रेंट ऑफ मैरेजिस अपोइंटमेंट अपील बोर्ड
5. गैर-रिफाउलमेंट दावेदारों के लिए सरकार द्वारा फंड की गई कानूनी सहायता के प्रावधान के लिए पायलट स्कीम का दफ्तर
6. सुरक्षा और रक्षा सेवाएँ उद्योग आथोरिटी
7. लंबी-अवधि की कारागार सज़ाओं का समीक्षा बोर्ड
8. रिलीज़ अंडर निगरानी बोर्ड
9. रिलीज़ के बाद का निगरानी बोर्ड
10. हांग कांग जौकी क्लब ड्रग जानकारी केंद्र

जातीय समानता के प्रोत्साहन के लिलए मौजूदा और नियोजित उपायों के साथ संबंनित पूछताछ के लिलए, कृपया Ms. Ella CHOI (मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)) के माध्यम से संपर्क करें निम्नलिखित चैनल-

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नंबर | : | 2810 3017 |
| फैक्स नंबर | : | 2868 5074 |
| ईमेल | : | sbenq@sb.gov.hk |
| डाक पता | : | 9th Floor, East Wing, Central Government Offices, 2 Tim Mei Avenue, Tamar, Hong Kong |

**सुरक्षा ब्यूरो**
**मई 2024**

***<u>पर्सनज ट्रिब्यूनल का पंजीकरण, इमीग्रेशन ट्रिब्यूनल, HKSAR पासपोर्ट अपील बोर्ड और सिविल सेलीब्रेंट आफ़ मैरीजेस अपोइंटमैंट अपील बोर्ड</u>***

| | | |
|---|---|---|
| संबंधित सेवाएँ | ● | पर्सनज़ ट्रिब्यूनल का पंजीकरण, इमीग्रेशन ट्रिब्यूनल, HKSAR पासपोर्ट्ज़ अपील बोर्ड और सिविल सेलीब्रेंट आफ़ मैरीज़ेस अपोइंटमैंट अपील बोर्ड विशिष्ट विनियमों के अधीन की गई अपीलों के साथ डील करते हैं। अपीलों के साथ डील करने के लिए सुनवाईयों या मीटिंगों की व्यवस्था की जाएगी। |
| मौजूदा उपाय | ● | 4 ट्रिब्यूनल्स/बोर्ड्स अपनी सेवाओं के प्रावधान में चीनी और/या अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग करते हैं |
| | ● | 4 ट्रिब्यूनल्स/बोर्ड्स अनुरोध करने पर सुनवाई के दौरान अनुवाद सेवाएँ प्रदान करते हैं। |
| भविष्य के कार्य का मूल्यांकन | ● | 4 ट्रिब्यूनल्स/बोर्ड्स समय-समय पर अपनी सेवाओं की समीक्षा करेंगे और आवश्यक होने पर सुधार करेंगे। |
| | ● | 4 ट्रिब्यूनल्स/बोर्ड्स स्वैच्छिक और गोपनीय आधार पर अनुवाद सेवाओं के चाहवान सेवा उपयोगकर्ताओं के बारे में डेटा एकत्र करेंगे। |

*<u>गैर-रीफाउलेमेंट दावेदारों के लिए सरकार द्वारा फंड की गई कानूनी सहायता के प्रावधान के लिए पायलट स्कीम का दफ्तर (PSO)</u>*

| | | |
|---|---|---|
| संबंधित सेवाएँ | ● | दफ्तर इमीग्रेशन विभाग द्वारा रेफर किए गए गैर-रीफाउलेमेंट दावेदारों के लिए सरकार द्वारा फंड की गई कानूनी सहायता प्रदान करता है। |
| मौजूदा उपाय | ● | दफ्तर गैर-रीफाउलेमेंट दावेदारों के लिए कानूनी सहायता के वकीलों के प्रावधान की सुविधा करने के लिए विभिन्न भाषाओं में दुभाषिया और / या अनुवाद सेवाओं के लिए व्यवस्थाएँ करता है। |
| | ● | कार्यालय विभिन्न भाषाओं में योजना के तहत प्रदान की गई सेवा पर दावेदारों को सूचना पत्र प्रदान करता है। |
| | ● | कार्यालय विभिन्न भाषाओं में निर्देशीय गाइड प्रदान करता है ताकि दावेदारों को कार्यालय में आने की सुविधा मिल सके । |
| भविष्य के कार्य का मूल्यांकन | ● | दफ्तर आवश्यकता होने पर आगे के सुधार के लिए मौजूदा उपायों का रख-रखाव और समीक्षा करेगा। |
| लिए गए/लिए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | ● | कार्यालय जब भी आवश्यक होगा, दावेदारों के लिए सूचना पत्र और दिशा निर्देश को अपडेट करेगा। |

*सुरक्षा और रक्षा सेवाएँ उद्योग आथोरिटी (SGSIA)*

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएँ | ● यह आथोरिटी सुरक्षा और रक्षा सेवाएँ अध्यादेश (SGSO) (अध्याय 460) के अनुसार सुरक्षा कंपनी लाइसेंस (SCL) के लिए आवेदनों पर विचार करता है और इन को निर्धारित करती है। |
| | ● यह आथोरिटी SGSO के अधीन सुरक्षा कर्मचारी परमिट का खंडन करने या रद्द करने के लिए पुलिस कमिशनर से आवोदनों पर विचार करने और इन को निर्धारित करने के लिए सुनवाई का संचालन करती है। |
| मौजूदा उपाय | ● SCL के लिए आवदेन केवल किसी कंपनी द्वारा ही किया जा सकता है। हमारी सेवा जाति के संबंध में निष्पक्ष है और दोनों अंग्रेज़ी और चीनी भाषा में डिलिवर की जाती है। |
| | ● यह आथोरिटी आवश्यकता होने पर अल्पसंख्यक जाति के नागरिकों की शांति और सुधार केंद्र (CHEER) की टेलीफोन दुभाषिया और पूछताछ सेवा (TELIS) के माध्यम से विभिन्न जाति के लोगों को आठ भाषाओं के माध्यम से नि: शुल्क दुभाषिया सेवा प्रदान करेगी। |
| | ● सुनवाई के दौरान, उन जवाबकर्ताओं को अनुवाद सेवाएँ प्रदान की जाती हैं जो न ही चीनी और न ही अंग्रेज़ी भाषा में बातचीत कर सकते हैं। |
| भविष्य के कार्य का मूल्यांकन | ● यह आथोरिटी विभिन्न जाति के लोगों की ज़रूरत को बेहतर ढंग से समझने के लिए उनके द्वारा अनुवाद सेवा के उपयोग पर आंकड़े एकत्रित करेगी और जब भी आवश्यकता होगी, हमारी पब्लिक सेवाओं के लिए उनकी सहायता करने में मौजूदा उपायों की प्रभावकारिता की समीक्षा करेगी। |

*<u>लंबी-अवधि की कारागार सजाओं का समीक्षा बोर्ड, रिलीज अंडर निगरानी बोर्ड और रिलीज के बाद का निगरानी बोर्ड</u>*

| | | |
|---|---|---|
| संबंधित सेवाएँ | ● | लंबी-अवधि की कारागार सज़ाओं का समीक्षा बोर्ड, रिलीज़ के बाद का निगरानी बोर्ड और रिलीज़ अंडर निगरानी बोर्ड क्रमगत लंबी-अवधि की कारागार सज़ाओं के समीक्षा अध्यादेश (अध्याय 524), रिलीज़ के बाद कारागार-वासियों की निगरानी का अध्यादेश (अध्याय 475) और कारागार-वासियों (रिलीज़ अंडर निगरानी) अध्यादेश (अध्याय 325) के द्वारा निर्धारित अपने संवैधानिक कार्य करते हैं। |
| मौजूदा उपाय | ● | क्योंकि तीन बोर्डों और कस्टडी के अधीन व्यक्तियों के बीच अधिकांश बातचीत सुधारात्मक सेवाएँ विभाग (CSD) के माध्यम से होती है, इसलिए बोर्ड सचिवालय इस बात को सुनिश्चित करने के लिए करीबी रूप से CSD के साथ काम कर रहे हैं कि कस्टडी के अधीन व्यक्ति इस तीन बोर्डों के द्वारा जारी किए गए पत्राचार के विषय-वस्तु को समझते हैं। इसके अतिरिक्त, बोर्ड सचिवालय द्वारा प्राप्त हुए विदेशी भाषाओं में लिखित प्रकाशन आगे के रख-रखाव के लिए वर्तमान में या तो चीनी या अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद किए गए हैं। |
| भविष्य के कार्य का मूल्यांकन | ● | बोर्ड सचिवालय समय-समय पर कस्टडी के अधीन व्यक्तियों के साथ हमारी बातचीत की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए CSD के साथ मिल कर काम करेगा और बातचीत में संभावित और मुमकिन सुधार की खोज करेगा। |

*हांग कांग जौकी क्लब ड्रग जानकारी केंद्र*

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | ● हांग कांग जौकी क्लब ड्रग जानकारी केंद्र (DIC) हांगकांग में नशीली दवाओं के नियंत्रण कार्यक्रमों के लिए शिक्षात्मक इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों और विभिन्न गतिविधियों को मेजबानी करके नशीली दवाओं पर प्रेरक के नियंत्रण शिक्षा और प्रसार को सुदृढ़ करने के लिए हब और मुख्य केंद्र के रूप में कार्य करता है। |
| मौजूदा उपाय | ● स्थायी प्रदर्शन, निर्देशित समूह यात्राएँ और इंटरैक्टिव थिएटर कार्यक्रम चीनी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध हैं। अनुरोध किए जाने पर, DIC भी कुछ भाषाओं में (जैसे उर्दू) निर्दिष्ट भूमिका के लिए निर्देशित यात्राएँ प्रदान करेगा, जो एथनिक अल्पसंख्यकों को लक्षित करती हैं। विशिष्ठ नशीली दवाओं विरोधी प्रचार सामग्री भी विविध जाति की भाषाओं में उपलब्ध होगी। |
| भविष्य के काम का आकलन | ● हम मौजूदा उपायों को लागू करिा जारी रखेंगे और दौड़ के संबंध में तटस्थता सुनिश्चित करने के लिए प्राप्त टिप्पणियों के मद्देनजर समय-समय पर हमारी सेवा वितरण का आकलन करेंगे। |
| अतिरिक्त उपाय किए गए/किए जाने हैं | ● बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, उर्दू, नेपाली, थाई और तागालोग सहित भाषाओं में प्रदर्शनी सामग्री 2024 में गैरचीनी भाषी समूहों के लिए DIC की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रदान की जाएगी। आगंतुकों को इन भाषाओं तक त्वरित पहुंच प्रदान करने के लिए DIC में QR कोड प्रदर्शित किए जाएंगे। |